सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **341**
04/04/2026

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन दानापुर–बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर तथा बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण कार्य की प्रगति का किया निरीक्षण, कार्य को तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना 04 अप्रैल 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज निर्माणाधीन दानापुर–बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने बिहटा एयरपोर्ट का भी निरीक्षण किया और बिहटा एयरपोर्ट परिसर में निर्माणाधीन कार्य के संबंध में जानकारी ली। साइट मैप के माध्यम से अधिकारियों ने रन–वे, यात्री सुविधायें, आवागमन हेतु पथ की कनेक्टिविटी तथा उपलब्ध कराये जाने वाली अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करें। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुये निर्माण की गुणवता बेहतर रखें। मुख्यमंत्री ने दानापुर–बिहटा एलिवेटेड पथ से बिहटा एयरपोर्ट को जोड़नेवाली निर्माणाधीन सड़क का भी जायजा लिया और कार्य को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने भारतीय वायुसेना स्थल, बिहटा के परिसर स्थित रन–वे का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहटा एयरपोर्ट का निर्माण पूर्ण होने से बिहार में हवाई कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। साथ ही यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधायें मिल सकेंगी। जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से बिहटा एयरपोर्ट तक कम से कम समय में पहुॅचने के लिये दानापुर–बिहटा ऐलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण से और कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा पटना एयरपोर्ट पर पड़नेवाला भार भी कम होगा। साथ ही रोजगार और कारोबार के अवसर भी बढ़ेंगे।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******